नवभारत टाइम्स
। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 6 फरवरी 2021 www.delhi.nbt.in

स्कूल खुलने पर पहले दिन आए 50 फीसदी से भी ज्यादा स्टूडेंट्स

■ स, नई दिल्ली: दिल्ली में शुक्रवार से 9वीं व 11वीं क्लास के स्कूल खुल गए हैं और पहले दिन सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 50 फीसदी से ज्यादा स्टूडेंट्स पहुंचे। पीतमपुरा एफयू ब्लॉक सर्वोदय विद्यालय में जहां बोर्ड स्टूडेंट्स की संख्या 70 फीसदी से ज्यादा हो रही है, वहीं 9वी व 11वीं में पहले दिन आधे से ज्यादा स्टूडेंट्स आ गए हैं।

रोहिणी के कई सर्वोदय स्कूलों में भी इसी तरह का रिस्पांस रहा है। वहीं प्राइवेट स्कूलों में भी करीब-करीब यही स्थिति रही। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी में बोर्ड स्टूडेंट्स की संख्या अब 90 फीसदी से ज्यादा हो गई है। स्कूल के चेयरमैन एस.के.गुप्ता का कहना है कि पहले दिन 9वीं क्लास के स्टूडेंट्स के पैरंट्स थोड़ा उलझन में दिखें। उनका कहना है कि जल्द ही पैरंट्स को बताया जाएगा कि स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के पूरे इंतजाम हैं। एम.एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा वसुधा एंकलेव की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि पैरंट्स से सहमति ली जा रही है।